भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1851

04 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में कैंसर के नए मामले और मौतें

1851. श्री नीरज शेखर:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की ग्लोबल स्टेटस रिपोर्ट ऑन कैंसर, 2026' के अनुसार भारत में कैंसर के लगभग 1.6 मिलियन नए मामले दर्ज किए गए थे तथा लगभग 9 लाख मौतें हुई थीं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या 75 वर्ष की आयु से पूर्व प्रत्येक 10 में से 1 भारतीय को कैंसर का जोखिम बना हुआ है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा, विशेष रूप से बच्चों और युवाओं में, कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए क्या उपाय किए जाएंगे?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की कैंसर संबंधी वैश्विक स्थिति रिपोर्ट, 2026 के अनुसार, ग्लोबल कैंसर ऑब्जर्वेटरी (जीएलओबीओसीएएन) 2022 के आकलनों के आधार पर, भारत में अनुमानित 14.1 लाख नए कैंसर के मामले और लगभग 9.2 लाख कैंसर-संबंधी मृत्यु दर्ज की गईं।

इसके अतिरिक्त, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) – राष्ट्रीय महामारी विज्ञान संस्थान (एनआईई) के अनुसार, 2021-2025 के दौरान देश में सभी-स्थल कैंसर मामलों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अनुमानित संख्या और मृत्यु दर **अनुलग्नक** में संलग्न हैं।

(ग) और (घ): जीएलओबीओसीएएन 2022 के आकलनों के अनुसार जैसा कि डब्ल्यूएचओ कैंसर संबंधी वैश्विक स्थिति रिपोर्ट, 2026 में बताया गया है, भारत में 75 वर्ष की आयु से पहले कैंसर के विकसित होने का संचयी जोखिम 10.6% है, जो दर्शाता है कि लगभग हर दस में से एक व्यक्ति 75 वर्ष की आयु से पहले कैंसर विकसित होने के जोखिम में है।

(ङ): जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य का विषय हैं, और कैंसर परिचर्या सहित स्वास्थ्य परिचर्या सेवाएं प्रदान करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों पर है। तथापि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के अंतर्गत देश भर के राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी और वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह कार्यक्रम कैंसर सहित, गैर-संचारी रोगों (एनसीडी), के लिए अवसंरचना को सुदृढ़ करने, मानव संसाधन विकास, जांच, प्रारंभिक निदान, रेफरल, उपचार और स्वास्थ्य संवर्धन पर केंद्रित है।
एनपी-एनसीडी के तहत, देश भर में 770 जिला एनसीडी क्लीनिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में 6,410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, विकेंद्रीकृत कैंसर परिचर्या सेवा को सुदृढ़ करने के लिए देश भर के जिला अस्पतालों में 524 डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) कार्यशील हैं।
एनपी-एनसीडी के तहत, व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या के भाग के रूप में, देश भर में मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर सहित सामान्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए एक जनसंख्या-आधारित पहल लागू की गई। इस पहल के तहत, 30 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी व्यक्तियों की इन तीन सामान्य कैंसरों के लिए स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों में प्रशिक्षित अग्रिम पंक्ति के स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा जांच की जाती है।
विशिष्ट परिचर्या कैंसर सुविधा केंद्रों को सुदृढ़ करने की योजना के तहत, अनुमोदित प्रस्तावों और निर्धारित मानदंडों के आधार पर राज्य कैंसर संस्थान (एससीआई) और विशिष्ट परिचर्या कैंसर केंद्र (टीसीसीसी) स्थापित करने के लिए राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। देश भर में इस योजना के तहत कुल 39 संस्थानों (19 एससीआई और 20 टीसीसीसी) को अनुमोदित किया गया है।

अनुलग्नक

भारत के विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में कैंसर के अनुमानित मामले - (2021-2025) – स्त्री-पुरुष दोनों

राज्य	2021	2022	2023	2024	2025
जम्मू और कश्मीर संघ राज्य क्षेत्र	13060	13395	13744	14112	14493
लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र	294	302	309	318	326
हिमाचल प्रदेश	8978	9164	9373	9566	9761
पंजाब	39521	40435	41337	42288	43196
चंडीगढ़	1053	1088	1120	1152	1183
उत्तराखंड	11779	12065	12348	12642	12947
हरियाणा	30015	30851	31679	32513	33395
दिल्ली	25969	26735	27561	28387	29238
राजस्थान	72825	74725	76655	78604	80628
उत्तर प्रदेश	206088	210958	215931	221000	226125
बिहार	106435	109274	112180	115123	118136
सिक्किम	465	496	525	561	590
अरुणाचल प्रदेश	1064	1087	1125	1143	1176
नागालैंड	1805	1854	1890	1935	1992
मणिपुर	2022	2097	2169	2250	2315
मिजोरम	1919	1985	2063	2114	2189
त्रिपुरा	2623	2715	2790	2871	2930
मेघालय	2943	3025	3099	3168	3245
असम	38834	39787	40721	41713	42694
पश्चिम बंगाल	110972	113581	116230	118910	121639
झारखंड	34910	35860	36840	37824	38819
ओडिशा	51829	52960	54136	55335	56514
छत्तीसगढ़	28529	29253	30014	30763	31553
मध्य प्रदेश	79871	81901	84029	86124	88297
गुजरात	71507	73382	75290	77205	79217
दमन	135	150	161	173	188
दादरा और नगर हवेली	219	238	252	268	291
महाराष्ट्र	118906	121717	124584	127512	130465
तेलंगाना	48775	49983	51145	52334	53565
आंध्र प्रदेश	71970	73536	75086	76708	78282
कर्नाटक	88126	90349	92560	94832	97130
गोवा	1652	1700	1735	1783	1817
लक्षद्वीप	28	28	31	32	33
केरल	58139	59143	60162	61175	62179
तमिलनाडु	91184	93536	95944	98386	100937
पुदुच्चेरी	1623	1679	1753	1823	1892
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	380	393	401	408	416
कुल	1426447	1461427	1496972	1533055	1569793

भारत में विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों में कैंसर से मृत्यु के अनुमानित मामले - सभी स्थल - (2021-2025)** - स्त्री पुरुष दोनों					
राज्य	**2021**	**2022**	**2023**	**2024**	**2025**
जम्मू और कश्मीर	7211	7396	7592	7796	8006
लद्दाख	166	171	174	179	185
हिमाचल प्रदेश	4953	5058	5173	5274	5382
पंजाब	22786	23301	23818	24369	24886
चंडीगढ़	582	598	611	628	644
उत्तराखंड	6500	6655	6813	6983	7151
हरियाणा	16543	16997	17447	17908	18387
दिल्ली	14494	14917	15386	15842	16312
राजस्थान	40117	41167	42225	43299	44402
उत्तर प्रदेश	114128	116818	119563	122365	125184
बिहार	59043	60629	62261	63897	65571
सिक्किम	288	308	325	343	362
अरुणाचल प्रदेश	655	670	692	703	722
नागालैंड	1029	1060	1077	1105	1133
मणिपुर	1175	1220	1260	1306	1349
मिजोरम	1231	1271	1322	1353	1401
त्रिपुरा	1600	1651	1694	1745	1777
मेघालय	1928	1980	2029	2080	2128
असम	23395	23974	24539	25128	25727
पश्चिम बंगाल	61213	62652	64114	65591	67093
झारखंड	19241	19766	20315	20864	21416
ओडिशा	28656	29287	29937	30604	31253
छत्तीसगढ़	15666	16057	16480	16889	17322
मध्य प्रदेश	44056	45176	46341	47494	48694
गुजरात	39328	40356	41409	42465	43572
दमन	70	77	85	93	102
दादरा और नगर हवेली	117	128	134	142	157
महाराष्ट्र	65326	66879	68454	70063	71696
तेलंगाना	26681	27339	27971	28624	29300
आंध्र प्रदेश	39443	40307	41163	42063	42935
कर्नाटक	48290	49516	50731	51986	53253
गोवा	909	932	950	977	994
लक्षद्वीप	14	14	16	17	18
केरल	31713	32271	32838	33400	33953
तमिलनाडु	49571	50841	52148	53480	54864
पुदुच्चेरी	879	905	946	988	1030
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह	205	214	219	223	227
कुल	789202	808558	828252	848266	868588

******